
महावीर इन्टरनेशनल, नाथद्वारा
राजकीय कन्या महाविद्यालय, नाथद्वारा (राजसमन्द)
राष्ट्रीय सेवा योजना
एकदिवसीय शिविर

राजस्थान पत्रिका . उदयपुर, बुधवार 9 जनवरी, 2019
patrika.com

# आयुर्वेद से स्वास्थ्य व सौन्दर्यवर्धन का प्रशिक्षण

नाथद्वारा. नगर के राजकीय कन्या महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना, युवा विकास केन्द्र एवं महिला प्रकोष्ठ के सानिध्य में आयुर्वेद से त्वचा एवं केश रक्षण तथा सौन्दर्यवर्धन पर डॉ. श्रीराम शर्मा, पंचकर्म मदनमोहन मालवीया, राजकीय आयुर्वेदिक महाविद्यालय उदयपुर के निर्देशन में एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्र म का आयोजन किया गया। डॉ. शर्मा ने स्वस्थ एवं सुन्दर बने रहने के लिए नियमित दिनचर्या, सन्तुलित आहार, प्राकृतिक जीवन शैली एवं औषधियों के न्यूनतम प्रयोग पर बल दिया। प्राचार्य डॉ. निधि श्रीवास्तव ने भी विचार व्यक्त किए। एनएसएस प्रभारी डॉ. सागर सांवरिया ने धन्यवाद ज्ञापित किया। संचालन युवा विकास केन्द्र प्रभारी डॉ. विनिता लवानिया ने किया।


अनन्ता ब्लड बैंक
Supported By :
Nationwide




28
प्रातः 8:00 बजे से 11:00 बजे तक
प्रातः 9:00 बजे से 12:00 बजे तक
दोपहर 2:00 बजे से सायं 6:00 बजे तक
दोपहर 3:00 बजे से सायं 6:00 बजे तक
राष्ट्रीय सेवा योज
राजकीय कन्या महाविद्यालय
2019.12.05 12:28


मुख्यमंत्री निःशुल्क जाँच योजना
श्री गोवर्धन राजकीय चिकित्सालय, नाथद्वारा
क जाँच योजना
रे एवं सोनोग्राफी
28
2019.12.05 12:27

# राजकीय कन्या महाविद्यालय, नाथद्वारा

## द्वितीय एकदिवसीय शिविर आयोजन की सूचना

दिनांक :– 31.01.2022

महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना (N.S.S.) की समस्त छात्राओं को सूचित किया जाता है कि दिनांक 02.02.2022 (बुधवार) को महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के द्वितीय एकदिवसीय शिविर का आयोजन रखा गया है। इस शिविर हेतु सभी स्वयं–सेविकाएँ उक्त दिनांक को प्रातः 10.00 बजे महाविद्यालय परिसर स्थित स्मार्ट क्लास रूम में **कोविड गाइडलाइंस का पालन करते हुए** अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करें।

प्राचार्य

एन.एस.एस. प्रभारी

# कार्यालय राजकीय कन्या महाविद्यालय नाथद्वारा (राज0)

दिनांक:-02.02.2022

**प्रेस समाचार सादर प्रकाशनार्थ**

सम्पादक जी,

.............................................

.............................................

## कन्या महाविद्यालय में किया गया राष्ट्रीय सेवा योजना के द्वितीय एकदिवसीय शिविर का आयोजन

स्थानीय राजकीय कन्या महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के द्वितीय एकदिवसीय शिविर का आयोजन किया गया । इस अवसर पर महावीर इंटरनेशनल ,नाथद्वारा संस्था के द्वारा स्वयं–सेविकाओं को सैनेटरी नेपकिन का वितरण किया गया । महावीर इंटरनेशनल, नाथद्वारा के अध्यक्ष श्रीमती संतोष मारवाडी ने स्वयं–सेविकाओं को स्वच्छता एवं स्वरोजगार के विविध अवसरों के विषय में बताया । श्रीमती मारवाडी ने स्वयं–सेविकाओं को संस्था द्वारा दिये जाने वाले विविध निःशुल्क प्रशिक्षणों के विषय में भी बताया । संस्था के श्रीमती गीता सेठी ने स्वयं–सेविकाओं को स्वावलम्बी बनने के लिए प्रेरित किया । प्राचार्य डॉ मीना बया ने स्वयं–सेविकाओं को स्वच्छता एवं समुचित स्वास्थ्य के महत्त्व के विषय मे बताया । सभी स्वयं–सेविकाओं ने शिविर में महाविद्यालय परिसर की स्वच्छता हेतु श्रमदान भी किया ।

एन0एस0एस0 प्रभारी श्री भगवान सहाय शर्मा के निर्देशन में सभी स्वयं–सेविकाओं ने शिविर में उत्साहपूर्वक भाग लिया ।

प्राचार्य<br>
राजकीय कन्या महाविद्यालय<br>
नाथद्वारा (राज0)

पत्रिका राजसमंद 05 राजस्थान पत्रिका patrika.com
उदयपुर, गुरुवार, 3 फरवरी, 2022

# गर्ल्स कॉलेज की छात्राओं ने किया श्रमदान

## राष्ट्रीय सेवा योजना का द्वितीय शिविर



कन्या महाविद्यालय में छात्राओं को सामग्री का वितरण करतीं महावीर इंटरनेशनल की पदाधिकारी। नाथद्वारा

नाथद्वारा. स्थानीय राजकीय कन्या महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के द्वितीय एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महावीर इंटरनेशनल की स्वयं सेविकाओं को सैनेटरी नेपकिन का वितरण किया गया। एमआई अध्यक्ष संतोष मारवाड़ी ने स्वयं सेविकाओं को स्वच्छता एवं स्वरोजगार के विविध अवसरों के विषय में बताया। गीता सेठी ने स्वयं सेविकाओं को स्वावलम्बी बनने के लिए प्रेरित किया। प्राचार्य डॉ. मीना बया ने स्वयं सेविकाओं को स्वच्छता एवं समुचित स्वास्थ्य के महत्व के विषय में बताया। एनएसएस प्रभारी भगवान सहाय शर्मा के निर्देशन में सभी स्वयं सेविकाओं ने शिविर में महाविद्यालय परिसर की स्वच्छता के लिए श्रमदान भी किया।

दैनिक नवज्योति
AasPaas - 03 Feb 2022

# सैनेटरी नेपकिन का वितरण




**नवज्योति, नाथद्वारा।** कन्या महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के द्वितीय एक दिवसीय शिविर हुआ। महावीर इंटरनेशनल संस्थान द्वारा स्वयं सेविकाओं को सैनेटरी नेपकिन का वितरण किया गया। संस्थान अध्यक्ष संतोष मारवाड़ी ने स्वयं सेविकाओं को स्वच्छता एवं स्वरोजगार के विविध अवसरों के विषया में जानकारी प्रदान की। मारवाड़ी ने स्वयं सेविकाओं को संस्था द्वारा दिए जाने विविध निःशुल्क प्रशिक्षणों के बारे में भी बताया। संस्था के गीता सेठी ने स्वयं सेविकाओं को स्वावलम्बी बनने के लिए प्रेरित किया।

प्राचार्य डॉ. मीना बया ने स्वयं सेविकाओं को स्वच्छता एवं समुचित स्वास्थ्य के महत्व के विषय के बारेम में बताया। सभी स्वयं सेविकाओं ने सामुहिक रूप से महाविद्यालय में श्रमदान कर स्वच्छता का संदेश दिया। एनएसएस प्रभारी भसगवानसहाय शर्मा के निर्देशन में सभी स्वयं सेविकाओं ने शिविर में भाग लिया।